Observation Regarding maintaining Parliamentary dignity and decoram of the house

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, मुझे बड़े दुख के साथ सभा को सूचित करना है कि कल इस सम्माननीय सदन के कुछ सदस्यों ने लोक सभा चैंबर में जिस प्रकार का व्यवहार किया और ऐसे दृश्यों का सृजन किया, जो लोक सभा की शुरूआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुए । हमारी संसदीय प्रणाली में सदन के सभापति का गरिमामय स्थान हमारे देश के संविधान में ही सृजित किया गया है । आज तक इतिहास रहा है कि राजनीतिक मतभेदों को कभी भी सदन के कार्यालय तक नहीं लाया गया । प्रतिपक्ष के सदस्यों ने जो व्यवहार अध्यक्ष के कार्यालय में किया, वह हमारी संसदीय परंपराओं के लिए उचित नहीं था, बल्कि मैं कहूंगा कि वह एक ब्लैक स्‍पॉट की तरह था । हम सबको सुचारू रूप से सदन चलाने में सहयोग करना चाहिए ।

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** इसके बाद जब सदन के नेता को महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जवाब देना था, तो मेरे पास ऐसी पुख्ता जानकारी आयी कि कांग्रेस पार्टी के कई सदस्य माननीय प्रधानमंत्री जी के आसन पर पहुंचकर कोई भी अप्रत्याशित घटना कर सकते हैं ।

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** यह दृश्य मैंने सदन में भी देखा । अगर यह घटना हो जाती, तो यह अत्यंत अप्रिय दृश्य देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को तार-तार कर देता । इसको टालने के लिए मैंने माननीय प्रधानमंत्री जी से आग्रह किया कि उन्हें सदन में नहीं आना चाहिए ।

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** सदन का सभापति होने के नाते मेरी जिम्मेदारी बनती थी कि सदन की उच्च परंपराओं, गरिमाओं को अक्षुण्ण बनाए रखा जाए । सदन के नेता सदन में न बोलें, यह सभा के लिए किसी भी प्रकार से उचित नहीं है । मेरे आग्रह को मानकर सदन के नेता ने उपस्थित न रहकर सदन को अप्रिय दृश्य से बचाया ।

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मैं इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मेरे सुझाव को माना ।

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप पोस्टर, पैम्फलेट लेकर आएंगे, तो सदन नहीं चलेगा । आज भी नहीं चलेगा, कल भी नहीं चलेगा ।

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आपको सदन की परंपरा, गरिमा, सभागृह की गरिमा और परंपरा को रखना चाहिए । कल की घटना देश ने देखी है कि किस तरीके से महिला सदस्या वहां तक पहुंची हैं । यह उचित नहीं था और यह सदन की गरिमा के अनुकूल भी नहीं था ।

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप सभागृह की गरिमा को गिराना चाहते हैं? आप अपनी तरफ रहें । आप भाषण में शब्दों से आरोप-प्रत्यारोप लगा सकते हैं । शब्दों से कोई बात भी कह सकते हैं, लेकिन आप इधर आसन पर आकर जिस तरह की घटना कर रहे हैं, यह उचित नहीं है ।

(व्यवधान)

15.03½ hrs

At this stage, Dr. Mohammad Jawed and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

माननीय अध्यक्ष **:** सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक 06 फरवरी, 2026 को प्रातः 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

15.04 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Friday, February 6, 2026/Magha 17, 1947 (Saka).

<image: image003.png>

<image: image004.png>

Due to continuous interruptions in the House, Starred Questions could not be taken up for Oral Answers. Therefore, these Starred Questions are treated as Unstarred Questions.